ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 24.02.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- आज दिनांक 24.02.202 को पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अन्तर्गत निर्धारित किये गये लक्षयो की पूर्ति करने हेतु ''स्वनिधि लोन मेला'' के रूप मे विशेष अभियान संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में जिला स्तरीय बैकर्स समिति की गई बैठक।
- नगर आयुक्त महोदय द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक,थर्माकोल के कप प्लेट कटोरी, चम्मच की रोकथाम के लिये बाबा विश्वनाथ मंदिर मे बर्तन बैंक शुभारम्भ किया गया।
- नगर निगम के प्रांगण में आज दिनांक 24.02.2021 को नेकी की दीवार का शुभारम्भ किया गया।

आज दिनांक 24.02.202 को पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अन्तर्गत निर्धारित किये गये लक्षयो की पूर्ति करने हेतु ''स्वनिधि लोन मेला'' के रूप मे विशेष अभियान संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में जिला स्तरीय बैकर्स समिति की बैठक जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह अध्यक्षता मे विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम समस्त उपस्थिति अधिकारियों का स्वागत करते हुए नगर आयुक्त/नोडल अधिकारी, पीएम स्वनिधि शाहजहाँपुर द्वारा जिलाधिकारी महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। बैठक मे निम्न बिन्दुओ पर विचार–विमर्श किया गया। नगर आयुक्त/नोडल अधिकारी, पीएम स्वनिधि योजना, शाहजहाँपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अन्तर्गत शासनादेश सं0–466/नौ–9–21–96ज/20 दिनांक–19.02.2021 द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालना में पथ विक्रेताओं का पंजीकरण, वेंडिंग प्रमाण पत्र/पहचान पत्र वितरण, पोर्टल पर डाटा अपलोड करना, वेंडर्स के ऑनलाइन आवेदनपत्र भरवाना तथा बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर शहरी पथ विक्रेताओं को लक्ष्य के अनुरूप ऋण स्वीकृत/वितरित कराने की कार्यवाही की जानी माह मार्च के प्रथम सप्ताह में स्वनिधि लोन मेला के रूप में एक विशेष अभियान के रूप में संचालित किया जाये। जिलाधिकारी महोदय ने शासन से प्राप्त निर्देशो का पालन सुनिश्चित करते हुये लक्ष्य को शत–प्रतिशत प्राप्त करने हेतु अपने–अपने दायित्वो का निर्वाहन संवेदनशीलता से करने हेतु निर्देशित किया। **नगर आयुक्त/नोडल अधिकारी, पीएम स्वनिधि शाहजहाँपुर द्वारा यह अवगत कराने पर कि बैंकों द्वारा छोटी–छोटी त्रुटियों के आधार पर पथ विक्रेताओं के आवेदन पत्र अस्वीकृत न किये जाये अपितु कमियों का स्थानीय निकाय एवं डूडा से समन्वय कर निराकरण करा लिया जाये। बैंकवार प्रतिगति की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी बैंक शाखाओ के प्रबन्धको को वितरण लम्बित आवेदन पत्रों का प्रत्येक दशा 03 दिन के अन्दर निस्तारण करते हुये ऋण वितरण करने के निर्देश दिये। बैंक ऑफ बड़ौदा,भारतीय स्टेट बैंक,इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक में काफी संख्या में आवेदन पत्र वितरण हेतु लम्बित पाये जाने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष प्रकट करते हुये उपस्थित बैंक अधिकारियो को 03 दिन के अन्दर पेन्डेन्सी समाप्त करने हेतु निर्देश दिये। एक्सिस,एच0डी0एफ0सी0 बैंक,आई0डी0बी0आईद्ध बैंक,आई0सी0आई0 बैंक,यूनाइटेड आफ इंडिया एवं इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा पीएम स्वनिधि योजना में पथ विक्रेताओ को ऋण स्वीकृत करने में रूचि न लेने के कारण शाखा प्रबन्धको को कड़ी चेतावनी देते हुये बैंक के उच्चाधिकारियो को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा नैनीताल बैंक लि0 की समीक्षा में पाया गया कि बैंक द्वारा 22 आनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रो को स्वीकृत करने के बाद भी बैंक द्वारा आज की तिथि ऋण वितरित न किये जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये शाखा प्रबन्धक के विरूद्ध कार्यवाही एवं बैंक का लाइसेन्स निरस्त करने हेतु उच्चाधिकारियो को पत्र प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया। नगर आयुक्त द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि प्रत्येक नगर निकाय की जनसंख्या के सापेक्ष न्यूनतम 03 प्रतिशत शहरी पथ विक्रेता प्रत्येक नगर निकाय उपलब्ध रहते है। इसी के आधार पर शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक के अन्त मे नगर आयुक्त/नोडल अधिकारी पीएम स्वनिधि योजना,शाहजहॉपर शासन से प्राप्त निर्देशो के क्रम में माह मार्च 2021 के प्रथम सप्ताह मे पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत निर्धारित किये गये लक्ष्यो को प्राप्त करने हेतु लोन मेले का आयोजन कर विशेष अभियान के रूप में ऋण वितरण की कार्यवाही किये जाने का आवाहन किया गया।**

बैठक में श्री संतोष कुमार शर्मा, नगर आयुक्त/नोडल अधिकारी, पीएम स्वनिधि योजना, शाहजहाँपुर। श्री अतुल कुमार, परियोजना अधिकारी, जिलानगरीय विकास अभिकरण (डूडा), शाहजहाँपुर। श्री राकेश कुमार वर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), शाहजहाँपुर। श्री चन्द्रशेखर जोशी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, शाहजहाँपुर श्री विनय पाण्डेय, शाखा प्रबन्धक, इण्डियन बैंक शाहजहाँपुर, सुश्री सरिता कुमारी, जिला समन्वयक, इण्डियन बैंक, शाहजहाँपुर, सुश्री मोहिता भटनागर, बैंक ऑफ बड़ौदा, शाहजहाँपुर,सुश्री रीना कुमारी, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा प्रबन्धक, रामनगर, शाहजहाँपुर श्री अशिनय कुमार गुप्ता, बन्धन बैंक, शाहजहाँपुर, श्री अरविन्द कुमार, शाखा प्रबन्धक, शाहजहाँपुर, श्री अतुल शर्मा, जिला समन्वयक, बड़ौदा उ0प्र0 ग्रामीण बैंक, शाहजहाँपुर, श्री एन.बी. सिंह, मुख्य शाखा प्रबन्धक, बड़ौदा उ0प्र0 ग्रामीण ाबैंक, शाहजहाँपुर,श्री द्वारिका प्रसाद, सी0एम0एफ0आई0, शाहजहाँपुर, श्री आलोक कुमार श्रीवास्तव, भारतीय स्टेट बैंक, शाहजहाँपुर, श्री विजय शर्मा, बैंक ऑफ बड़ौदा, गोविन्दगंज, शाहजहाँपुर, श्री स्पर्श तोमर, बैंक ऑफ बड़ौदा, मिश्रीपुर, शाहजहाँपुर, श्री शशांक कक्कड़, पंजाब नेशनल बैंक, शाखा प्रबन्धक, शाहजहाँपुर, श्री विकास आनन्द, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कॉंट, शाहजहाँप, श्री डी0एस0 वर्मा, अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद जलालाबाद/अल्हागंज, शाहजहाँपुर, श्री धर्मवीर सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, पुवायाँ, शाहजहाँपुर। श्री अनूप कुमार रावत, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत खुदागंज, शाहजहाँपुर, श्री सुरेन्द्र कुमार, लिपिक, नगर पंचायत कटरा, शाहजहाँपुर, श्रीमति विजेता गुप्ता, अधिशासी अधिकारी, नगरपंचायत खुटार, शाहजहाँपुर, श्री सर्वेश कुमार, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषदतिलहर, शाहजहाँपुर, श्री प्रभाकर मिश्रा, शहर मिशन प्रबन्धक, दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), शाहजहाँपुर, श्री दीपक कुमार सिंह, श्री दीपक प्रजापति, (डूडा), शाहजहाँपुर आदि उपस्थि रहे।

- आज दिनांक 24.02.2021 को नगर आयुक्त महोदय द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक,थर्माकोल के कप प्लेट कटोरी, चम्मच की रोकथाम के लिये बाबा विश्वनाथ मंदिर मे बर्तन बैंक शुभारम्भ किया गया। बर्तन बैंक के अन्तर्गत जनसाधारण द्वारा महत्वपूर्ण अवसरो पर आयोजित भंडारा आदि के कार्यक्रम में, थर्माकोल के कप प्लेट कटोरी, चम्मच आदि की रोकथाम के लिये बर्तनो की व्यवस्था की गई है। न्यूनतम किराया लिया जायेगा, जो प्लास्टिक कप,प्लेट,चम्मच आदि के दाम से कम होगा। कार्यक्रम समाप्त होने के पश्चात् बर्तनो को साफ कर वापस करना होगा। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनसाधारण से अपील की गई कि बर्तन बैंक का लाभ उठाये एवं सिंगल यूज प्लास्टिक,थर्माकोल के कप प्लेट कटोरी, चम्मच आदि के प्रयोग से बचे। इस अवसर पर नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, उप नगर श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0गौतम, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश दीक्षित तथा विनय प्रताप सिंह उपस्थित रहे।
- नगर निगम के प्रांगण में आज दिनांक 24.02.2021 को उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, द्वारा सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री सचिन बाथम व उनके सहयोगियो एवं स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव,श्री विनय प्रताप सिंह डी0सी0 की उपस्थिति में नगर निगम के प्रांगण मे नेकी की दीवार का शुभारम्भ किया गया। नेकी की दीवार का उद्देश्य यह है कि आप के इस्तेमाल मे आवश्यकता से अधिक जो भी वस्त्र आदि हो वह नेकी की दीवार पर छोड़ जाये और जिस व्यक्ति को उनकी आवश्यकता हो वह अपनी आवश्यकतानुसार उन वस्त्रो को ले जाकर अपनी आवश्यकताओ की पूर्ति कर सकता है। इसके माध्यम से कपड़ो से जहॉ एक तरफ जरूरमत मंद की आवश्यकता पूरी होगी वही शहर के कूड़ो में भी कमी आएगी।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर